# संत ज़ेवियर सीनियर सेकंडरी विद्यालय, दिल्ली- 54

**कक्षा - 9** | **वार्षिक परीक्षा 2023-24** | **समय - 3 घंटे**

**दिनांक - 20.2.2024** | **हिंदी** | **पूर्णांक - 80**

**सामान्य निर्देशः**
1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'। खंड-(अ) में वस्तुपरक बहुविकल्पी और खंड-(ब) में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. इस प्रश्नपत्र में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड 'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर शब्दों में देना अनिवार्य हैं।
5. खंड 'ब' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

## ( खंड 'अ')

**प्र 1• निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए-** (1×5=5)

**जब कोई युवा अपने घर से बाहर निकल कर बाहरी संसार में अपनी स्थिति जमाता है, तब पहली कठिनता उसे मित्र चुनने में पड़ती है। यदि उसकी स्थिति बिल्कुल एकांत और निराली नहीं रहती तो उसकी जान - पहचान के लोग धड़ाधड़ बढ़ते जाते हैं, और थोड़े ही दिनों में कुछ लोगों से उसका मेल-जोल हो जाता है। यही मेल-जोल बढ़ते-बढ़ते मित्रता के रूप में बदल जाता है। मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर होती है, क्योंकि संगति का बड़ा भारी गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर पड़ता है। हम लोग ऐसे समय में समाज में प्रवेश करके अपना कार्य आरंभ करते हैं , जबकि हमारा चित्त कोमल और हर तरह का संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है। हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रूप में चाहे, उस रूप में ढाले ; चाहे राक्षस बनाए , चाहे देवता। ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है , जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं , क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है। पर ऐसे लोगों का साथ करना और भी बुरा है, जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में ना तो हमारे ऊपर कोई नियंत्रण रहता है और ना हमारे लिए कोई सहारा रहता है। कैसे आश्चर्य की बात है कि लोग एक घोड़ा लेते हैं तो उसके सौ गुण-दोष को परख कर लेते हैं, पर किसी को मित्र बनाने में उसके पूर्व आचरण और स्वभाव आदि का कुछ भी विचार और अनुसंधान नहीं करते। वे उसमें सब बातें अच्छी ही अच्छी मानकर अपना पूरा विश्वास जमा देते हैं।**

1• **जब कोई युवा घर से बाहर निकलता है तो उसे किस कठिनाई का सामना करना पड़ता है-**
(क) ठहरने के लिए आवास की (ख) भोजन की
(ग) मित्र चुनाव की (घ) यातायात के साधन की

2• **कैसे लोगों का मेल-जोल शीघ्र बढ़ जाता है -**
(क) जो एकांत प्रिय होते हैं (ख) जो बहुत कम बोलते हैं
(ग) जो वाक पटु नहीं होते (घ) जिनकी स्थिति बिल्कुल एकांत और निराली नहीं रहती।

3• **कथन (A) और कारण ( R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**
* कथन (A) मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर जीवन की सफलता निर्भर होती है।
* कारण (R) संगति का बड़ा भारी गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर पड़ता है।
(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A )गलत है किंतु कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

4• **अपने से अधिक दृढ़ संकल्प के लोगों का साथ करना बुरा है।**
**उपर्युक्त कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए-**
1. उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है। 2. हमारा अपने ऊपर कोई नियंत्रण नहीं रहता।
3. उनका अधिक सहारा मिल जाता है।
(क) 1 सही है (ख) 2 सही है (ग) 3 सही है (घ) 2 और 3 सही हैं।

5• **लेखक ने घोड़े का उदाहरण किस संदर्भ में दिया है-**
(क) मित्र चुनाव के (ख) यात्रा के (ग) युद्ध के (घ) व्यापार के

Contd.....2.

**प्र 2• निम्नलिखित पद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी <u>एक</u> पद्यांश के दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए** - (1×5=5)

**अभी समय है, अभी नहीं कुछ भी बिगड़ा है**
**देखो अभी सुयोग तुम्हारे पास खड़ा है**
**करना है जो काम उसी में चित्त लगा दो**
**अपने पर विश्वास रखो, संदेह भगा दो।**
**उद्योगी को कहीं सुसमय मिल जाता**
**समय नष्ट कर सुख कोई नहीं पाता**
**आलस ही है करा रहा ये सभी बहाने**
**जो करना हो करो अभी, कल क्या हो जाने**
**ऐसा सुसमय भला और कब तुम पाओगे,**
**खोकर पीछे इसे सदा ही पछताओगे।**

1• **कवि की चेतावनी है** -
(क) **स्वयं को सुधार लो** (ख) **समय क्षणिक है**
(ग)**समय नष्ट मत करो** (घ)**सारे बहाने आलस के हैं।**

2• **किसे नष्ट करके सुख नहीं मिलता** -
(क) **धन को** (ख) **समय को** (ग) **संदेह को** (घ) **आलस को**

3• **किसको सुसमय की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती** -
(क) **उद्योगी को** (ख) **आलसी को** (ग) **संदेही को** (घ) कमज़ोर को

4• **'उद्योगी' शब्द का समानार्थी शब्द है** -
(क) **उद्यान** (ख) **भोग करना** (ग) **साहसी** (घ) **परिश्रमी**

5• **'सुसमय' शब्द का 'उपसर्ग' और 'मूलशब्द' लिखिए** -
(क) **सू+समय** (ख) **सु+समय** (ग) **सुस+मय** (घ) **सुसम+य**

**<u>अथवा</u>**

**है जन्म लेते जगह में एक ही**
**एक ही पौधा उन्हें है पालता**
**रात में उन पर चमकता चाँद भी,**
**एक ही सी चाँदनी है डालता।**
**मेह उन पर है बरसता एक -सा**
**एक- सी उन पर हवाएँ हैं बही ।**
**पर सदा ही यह दिखाता है हमें,**
**ढंग उनके एक- से होते नहीं।**
**छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ**
**फाड़ देता है किसी का वर वसन।**
**प्यार- डूबी तितलियों के पर कतर,**
**भौरे का है बेध देता श्याम तन।**
**फूल लेकर तितलियों को गोद में,**
**भौरे को अपना** अनूठा **रस पिला।**
**निज सुगंध औ, निराले रंग से,**
**है सदा देता कली को** जो **खिला।**
**है खटकता एक सबकी आँख में,**
**दूसरा है सोहता सुर-सीस पर।**
**किस तरह कुल की बड़ाई काम दे**
**जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।**

1• **'फूल और काँटे' में कौन सी बात समान नहीं है** -
(क) **वह एक ही जगह जन्म लेते हैं।** (ख) **उनका स्वभाव एक सा होता है।**
(ग) **एक ही पौधा उन्हें पालता है।** (घ) **चाँद उन पर एक सी चाँदनी डालता है।**

2• **फूल सभी को प्यारा लगता है** -
(क) **अपनी दुर्गंध के कारण** (ख) **अपनी** कठोरता **के कारण**
(ग) **अपने काँटों के कारण** (घ) **अपने रस, रंग, खुशबू और स्वभाव के कारण।**

3• **कौन-सी प्रवृत्ति काँटे की नहीं है** -
(क) **तितलियों को गोद में खिलाना** (ख) **भँवरे का शरीर बेध देना**
(ग) **किसी के कपड़े फाड़ देना** (घ) **किसी की उँगलियाँ छेद देना।**

4• **'बड़प्पन' शब्द का क्या अर्थ है** -
(क) **घमंड** (ख) **ऊँचा कुल** (ग) **महानता या श्रेष्ठता** (घ) **विशाल आकार**

Contd.....3.

5• **कथन** (A) **और कारण** (R) **पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए** -
**कथन** (A) **काँटा किसी की उँगलियाँ छेद डालता है।**
**कारण**(R) **काँटा तितलियों को अपना** अनूठा **रस पिलाता है।**
**(क) कथन**(A) **और कारण** (R)**दोनों गलत हैं।** **(ख) कथन**(A) **सही है, किंतु कारण**(R)**गलत है।**
**(ग) कथन**(A) **गलत है किंतु कारण**(R) **सही है।**
**(घ) कथन**(A) **और कारण**(R) **दोनों सही हैं, तथा कारण**(R) **कथन**(A) **की सही व्याख्या है।**

**प्र** 3• **'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पर आधारित किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए**- (1×4=4)

1• **'वाह ! क्या सुंदर दृश्य है।' वाक्य का भेद है** -
**(क) संकेतवाचक** **(ख) विधानवाचक** **(ग) प्रश्नवाचक** (घ) विस्मयादिबोधक

2• **'मेहनत करने से काम पूरे हो जाते हैं।'** - **वाक्य का संकेतवाचक में रूपांतरण होगा** -
**(क) यदि मेहनत करते हैं तो काम पूरे हो जाते हैं।** **(ख) मेहनत करने से काम पूरे नहीं होते।**
**(ग) क्या मेहनत करने से काम पूरे हो जाते हैं** ? **(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।**

3• **अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं** -
**(क) चार** **(ख) पाँच** **(ग) सात** **(घ) आठ**

4• **जिन वाक्यों में किसी कार्य या बात का निषेध होता है, उन्हें कहते हैं** -
**(क) विधानवाचक** **(ख) इच्छावाचक** **(ग)** विस्मयादिबोधक **(घ) निषेध वाचक**

5• **'क्या सुरेश ने पत्र लिखा है ?' वाक्य का भेद है** -
**(क) इच्छावाचक** **(ख) संकेतवाचक** **(ग) प्रश्नवाचक** **(घ) विधानवाचक**

**प्र** 4• **'अलंकार' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए** - (1×4=4)

1• **'काली घटा का घमंड घटा।'** - **पंक्ति में अलंकार है** -
**(क) अनुप्रास** **(ख) रूपक** **(ग) यमक** **(घ) उपमा**

2• **काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्वों को कहते हैं** -
**(क) उपसर्ग** **(ख) अलंकार** **(ग) समास** **(घ) अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद।**

3• **'अनुप्रास' अलंकार का उदाहरण है** -
**(क) नभ मंडल छाया मरुस्थल- सा।** **(ख) चारु चंद्र की चंचल किरणें।**
**(ग) चरण कमल बंदौं हरिराई।** (घ) हँस रही सखियाँ मटर खड़ी।

4• **जहाँ किसी वस्तु की तुलना दूसरी प्रसिद्ध वस्तु से की जाती है,** तथा काव्य पंक्ति में सा, सी, समान आदि जैसे शब्द का उपयोग होता है, **वहाँ कौन सा अलंकार होता है** -
**(क) रूपक अलंकार** **(ख) अनुप्रास अलंकार** **(ग) उपमा अलंकार** **(घ) यमक अलंकार**

5• **उपमा अलंकार का उदाहरण है** -
**(क) सर फट गया उसका वहीं मानो अरुण रंग का घड़ा।** **(ख) रघुपति राघव राजा राम।**
**(ग) पीपर पात सरिस मन डोला।** **(घ) प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै।**

**प्र** 5 • **समास पर आधारित किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए** - (1×4=4)

1. किस समास में पूर्व पद किसी संख्या की ओर संकेत करता है? -
**(क) द्वंद्व समास** **(ख) कर्मधारय समास** **(ग) द्विगु समास** **(घ) अव्ययीभाव समास**

2. **'गजानन' का समास विग्रह है** -
**(क) एक दाँत वाला** **(ख) गज और आनन**
**(ग) चार है आनन जिसके** **(घ) गज के समान आनन है जिसका**

3. **दो या दो से अधिक पदों को संक्षिप्त कर नया शब्द बनाने की प्रक्रिया को कहते हैं** -
**(क) समास विग्रह** **(ख) पूर्वपद** **(ग) समास** **(घ) उत्तरपद**

4. **'रसोई के लिए घर' में समास है** -
**(क) बहुव्रीहि समास** **(ख) तत्पुरुष समास** **(ग) द्विगु समास** **(घ) अव्ययीभाव समास**

5. **समस्तपद के पदों को अलग करने की प्रक्रिया को कहते हैं** -
**(क) संश्लेषण** **(ख) विश्लेषण** **(ग) समास-विग्रह** **(घ) अन्यपद**

Contd.....4.

**प्र 6• 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए** - (1×4=4)

1. **'अति' उपसर्ग से युक्त शब्द नहीं है** -
   **(क) अतिरिक्त (ख) अतिथि (ग) अत्यंत (घ) अत्यधिक**
2. **'पठनीय' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है** -
   **(क) नीय (ख) ईय (ग) अनीय (घ) ठनीय**
3. **जो शब्दांश किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर नए शब्द की रचना करते हैं ,उन्हें कहते हैं** -
   **(क) प्रत्यय (ख) उपसर्ग (ग) समास (घ) संधि**
4. **'हार' प्रत्यय से बना शब्द है** -
   **(क) संसार (ख)पालनहार (ग) कतार (घ) सुनार**
5. **'अत्यधिक' शब्द का उपसर्ग और मूल शब्द है** -
   **(क) अत्य + धिक (ख) अत्या + अधिक (ग) अति + अधिक (घ) अति + धिक**

(खंड ब)

प्र. 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर शब्दों में लिखिए – (1x5=5)

जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है। अब तो जूते की कीमत और भी बढ़ गई है और एक जूते पर पच्चीसों टोपियाँ न्योछावर होती हैं। तुम भी जूते और टोपी के अनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे। यह विडंबना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं चुभी, जितनी आज चुभ रही है, जब मैं तुम्हारा फटा जूता देख रहा हूँ। तुम महान कथाकार, उपन्यास–सम्राट, युग–प्रवर्तक जाने क्या–क्या कहलाते रहे, मगर फोटो में भी तुम्हारा जूता फटा हुआ है।

1. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
   क. प्रेमचंद के फ़टे जूते ख. उपभोक्तावाद की संस्कृति
   ग. मेरे बचपन के दिन घ. ल्हासा की ओर
2. प्रस्तुत गद्यांश की विधा क्या है?
   क. कहानी ख. निबंध ग. उपन्यास घ. यात्रा वृत्तांत
3. 'जूता' व 'टोपी' क्रमशः किसके प्रतीक हैं?
   क. चमड़े व कपड़े के ख. अधिकार व सम्मान के
   ग. दिखावे और अमीरी के घ. छुपाने और दिखाने के
   विकल्प–
   1.कथन 'क' व 'घ' सही है। 2. कथन 'ख' सही है।
   3.कथन 'ग' और 'घ' सही है। 4. कथन 'ग' सही है।
4. 'उपन्यास–सम्राट' किसे कहा गया है?
   क. हरिशंकर परसाई को ख. प्रेमचंद को ग. राहुल सांकृत्यायन को घ. महादेवी वर्मा को
5. 'एक जूते पर पच्चीसों टोपियाँ न्योछावर होती हैं।'–पंक्ति का अर्थ है
   क. शक्तिशाली के सामने सब झुकते हैं। ख. शक्तिशाली का स्वागत टोपियों से होता है।
   ग. शक्तिशाली के आने पर सब टोपियाँ पहनते हैं। घ. शक्तिशाली के जूते पर टोपी बनी होती है।

प्र. 8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए– (1x2=2)

1. 'मेरे बचपन के दिन' पाठ महादेवी वर्मा ने देश के लिए अपना क्या योगदान दिया था?
   क. विद्यार्थियों को देश भक्ति की कविता सुनाई। ख. उन्होंने विद्यालय में एक भाषण दिया।
   ग. वे सेना में भर्ती हो गई थीं।
   घ. इनाम में मिला चाँदी का कटोरा गाँधी जी को दिया था।
2. 'साँवले सपनों की याद' पाठ में सालिम अली ने किस घायल पक्षी की देखभाल की थी?
   क. गोरैया पक्षी की ख. कोयल पक्षी की ग. कबूतर पक्षी की घ. तोता पक्षी की

प्र. 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर शब्दों में लिखिए– (1x5=5)

मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के।
आगे–आगे नाचती गाती बयार चली,
दरवाज़े–खिड़कियाँ खुलने लगी गली–गली,
पाहुन ज्यों आए हो गाँव में शहर के।
मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के।

पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए,
आँधी चली,धूल भागी घाघरा उठाए,
बाँकी चितवन उठा, नदी ठिठकी, घूँघट सरके।
मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के।

**Contd.....5.**

1. काव्यांश के कवि कौन है?
   क. राजेश जोशी  ख. सुमित्रानंदन पंत
   ग. माखनलाल चतुर्वेदी  घ. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
2. काव्यांश किस कविता से लिया गया है?
   क. मेघ आए  ख. बच्चे काम पर जा रहे हैं
   ग. ग्राम श्री  घ. कैदी और कोकिला
3. 'पाहुन' शब्द का अर्थ है—
   क. पत्थर  ख. पानी  ग. मेहमान  घ. पैर
4. 'पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए' रेखांकित शब्दों में कौन—सा अलंकार है?
   क.उपमा  ख.यमक  ग.रूपक  घ.अनुप्रास
5. कॉलम **A** को कॉलम **B** के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए—

| | A | B |
|---|---|---|
| 1 | मेघ | **i.** गाँव की महिलाओं का |
| 2 | पेड़ | **ii.** मेहमान |
| 3 | नदी | **Iii.** पुरुष |

   क. 1.(i) 2.(iii) 3.(ii)  ख. 1.(i) 2.(ii) 3.(iii)
   ग. 1.(iii) 2.(i) 3.(ii)  घ. 1.(ii) 2.(iii) 3.(i)

प्र.10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर शब्दों में लिखिए— (1x2=2)

1. ललद्यद किस काल की कवयित्री हैं ?
   क. आधुनिक काल  ख. वीर गाथा काल
   ग. प्राचीन काल  घ. भक्ति काल
2. 'हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश राज का गहना' हथकड़ियों को कवि ने गहना क्यों कहा है?
   क. सोने की बनी होने के कारण सुंदर है।  ख. उन्हें गहने अच्छे लगते हैं।
   ग. ये हथकड़ियाँ बहुत ही सुंदर हैं।  घ. ये उनके देशप्रेम को प्रकट कर रही हैं।

प्र.11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25—30 शब्दों में दीजिए— (2x3=6)

1. 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के अनुसार उस समय लड़कियों की स्थिति कैसी थी? आज लड़कियों की स्थिति में क्या परिवर्तन आपको नज़र आता है?
2. 'ल्हासा की ओर' पाठ में लेखक यात्रा के दौरान अनेक कठिनाइयों से गुज़रते हैं। कोई 4 कठिनाइयाँ बताइए।
3. दूरदर्शन (टेलीविज़न) पर दिखाए जाने वाले विज्ञापनों का बच्चों पर सबसे ज़्यादा प्रभाव पड़ता है। — अपने अनुभव के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
4. 'दो बैलों की कथा' पाठ से आपने कौन—कौन से नैतिक मूल्य सीखे? कोई 4 नैतिक मूल्य लिखिए।

प्र.12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25—30 शब्दों में दीजिए— (2x3=6)

1. आपके विचार से बच्चों को काम पर क्यों नहीं भेजा जाना चाहिए? उन्हें क्या करने के मौके मिलने चाहिए?
2. कवि ने गाँव को 'हरता जन मन'क्यों कहा है?
3. सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया ?
4. 'ऊँचे कुल का जनमिया, जे करनी ऊँच न होइ।
   सुबरन कलस सुरा भरा, साधु निंदा सोइ' ।।
   ऊपर दी गई साखी को ध्यान में रखते हुए काव्य—सौंदर्य की कोई 4 विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.13. पूरक पाठ्यपुस्तक 'कृतिका' के पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50—60 शब्दों में दीजिए — (4x2=8)

1. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी शीर्षक कितना उचित है? समझाएँ। यह भी बताएँ कि आज समाज को शंकर जैसे लड़कों या उमा जैसी लड़की की ज़रूरत है? क्यों? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
2. 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखिका की माँ का व्यक्तित्व कैसा था? लेखिका ने अकेले के बल पर समाज में क्या परिवर्तन लाकर दिखाया था ? कोई एक परिवर्तन लिखें। यदि आपको अवसर मिले तो आप अपने समाज में क्या परिवर्तन लाना चाहेंगे और क्यों? किन्हीं दो परिवर्तनों का विस्तार से वर्णन करें।

Contd.....6.

3. 'इस जल प्रलय पाठ में' डॉक्टर द्वारा नाव में कुत्ते को ले जाने पर आपत्ति दर्शाने पर कुत्ते के मालिक नौजवान व कुत्ते ने क्या किया?' जो लोग जानवरों के साथ अन्याय करते हैं, आप उन्हें क्या सुझाव देंगे? कोई दो सुझाव लिखिए। लेखक ने स्वयं भी बाढ़ पीड़ितों की सहायता की थी। यदि आपको बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भेजा जाए तो आप किस–किस तरह से अपना योगदान देंगे? कोई दो योगदान लिखिए।

**प्र 14•** **निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदु**ओं को ध्यान में रखते हुए **लगभग** 100 **शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए** - (6)

1. **अच्छी संगति**
   **संकेत बिंदुः • संगति का महत्व • सत्संगति से निर्मल चरित्र का निर्माण • कुसंगति का प्रभाव।**
2. **परिश्रम का महत्व**
   **संकेत बिंदुः • मानव जीवन में श्रम का महत्व • सारी सृष्टि संघर्षरत • कर्म बिना कुछ नहीं।**
3. **मित्रता**
   **संकेत बिंदुः • आवश्यकता • कौन हो सकता है मित्र** ?

**प्र** 15• **किसी एक विषय पर लगभग** 100 **शब्दों में पत्र लिखिए** - (5)

क. **विद्यालय के** संगीत उत्सव (म्यूज़िक फेस्ट) **में माता-पिता को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।**

**अथवा**

ख. बिजली संकट और उससे उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए 'दैनिक जागरण' समाचार पत्र के संपादक के नाम पत्र लिखें।

**प्र.16.** नीचे दिए गए प्रश्नों में से कोई एक हल कीजिए – **(5)**

क. 'परिश्रमी ही सदा विजय प्राप्त करता है।' – इस सीख को ध्यान में रखते हुए 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। कहानी का एक उचित शीर्षक भी दीजिए।

अथवा

ख. आपने दो दिन पहले ही 'सेमसंग' कंपनी का नया टी.वी. लिया है, लेकिन दो दिन काम करने के बाद अचानक से उसके रिमोट ने काम करना बंद कर दिया है। आपने दुकान पर फोन भी किया पर सही जवाब नहीं मिला। कंपनी के मैनेजर को रिमोट बदलने के लिए 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए।

**प्र.17.** नीचे दिए गए प्रश्नों में से कोई एक हल कीजिए – **(4)**

क. 'वीर बालक पुरस्कार' से सम्मानित एक बालक के साथ आपको बातचीत का अवसर मिला। आप दोनों के बीच हुए संवाद को 80 शब्दों में लिखिए।

अथवा

ख. हिंदी मंच 'सृजन' द्वारा कक्षा 9वीं के लिए हास्य कवि–सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। नीचे दी गई जानकारियों को ध्यान में रखते हुए हिंदी मंच 'सृजन' के अध्यक्ष 'प्रणव खरे' की ओर से 80 शब्दों में एक सूचना तैयार करें।
जानकारियाँ इस प्रकार हैं –
दिनांक – 20 मार्च 2024, स्थान–सेंट ज़ेवियर सभागृह, दिल्ली 54
समय – सुबह 11 बजे, कवि–अरूण जैमिनी, अशोक चक्रधर, सुरेंद्र शर्मा

*****